तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026





**देवदाहरा जल प्रपात**
प्राकृतिक जलधारा देवदाहरा जल प्रपात आने वाले पर्यटकों का मन मोह लेती है जो सदा के लिए पर्यटकों के दिलोदिमाग में अपनी अनुपम छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

# मानसून के साथ देवधारा जलप्रपात की खूबसूरती पर्यटकों को कर रही आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मानसून के आगमन के साथ ही मैनपुर विकासखण्ड के देवधारा जलप्रपात के खुबसूरती खिल उठी है।गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने जंगल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। यहां कई ऐसा प्राकृतिक स्थल है, जिनका मानसून के मौसम में नजारा देखने लायक होता है। जलप्रपातों की स्थिति बारिश के साथ पूरे शबाब पर है, जिसकी सुन्दरता इन दिनों कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। झमाझम हुए बारिश के कारण देवधारा जलप्रपात की सुन्दरता निखर गई है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 30 किमी दूर कुल्हाड़ीघाट मार्ग से होते हुए देवधारा जलप्रपात पहुंचा जाता है। दो पहाड़ियों के बीच इन्द्रावन नदी पर देवदहरा स्थित है इसके उपर भाई दाहरा, हाथ दाहरा, नागरशील और कई रमणीय सरोवर है जहां साल के बारहो माह पानी भरा रहता है।

प्राकृतिक जलधारा देवदाहरा जल प्रपात आने वाले पर्यटकों का मन मोह लेती है जो सदा के लिए पर्यटकों के दिलोदिमाग में अपनी अनुपम छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

**दो पहाड़ियों के बीच इन्द्रावन नदी पर देवदहरा प्रपात है स्थित**



### देवी देवताओ की पूजा स्थली है

बारिश के इन दिनों में इनका मनोरम दृश्य देखने लायक है। पहाड़ों व खाड़ियों के बीचों बीच प्रकृति रूप से उपजे यह देवदाहरा जलप्रपात मैनपुर ब्लॉक के प्राकृतिक धरोहरों में से एक है जहां बरसात के इन दिनों में यह दृश्य देखते ही बनती है, अपनी मनमोहक सौन्दर्य पूरित दृश्य से एक ओर जहां आने वाले शैलानियों को लगातार लुभाती है। वहीं यहां सुरक्षा के इंतिजाम नहीं होने के कारण दुर्घटना की अंदेशा बना रहता है। इसलिए ऐसे जलप्रपातों में जाने से पहले वन विभाग एवं उस क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों को सूचना देकर जाना चाहिए वैसे भी देवधारा जलप्रपात क्षेत्र का धार्मिक आस्था का केन्द्र है यहां देवी देवताओ की पूजा स्थली है इसलिए इसका नाम देवधारा पड़ा है।

## खबर संक्षेप

### मां शीतला के दरबार में आज मनाया जाएगा माता पहुंचनी पर्व

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर में ग्राम की



देवी मां शीतला में माता पहुंचनी का कार्यक्रम 9 जुलाई दिन गुरुवार को मनाया जायेगा। माता शीतला की पूजा अर्चना कर भोग प्रसादी चढ़ाया जायेगा। आज माता शीतला के दरबार में जिन भक्तों के द्वारा मनोकामना को लेकर जो मन्नत रखा गया है,उसके पूर्ण होने पर भक्तों के द्वारा माता के दरबार में विशेष पूजा पाठ कर मनोकामना भेंट किया जायेगा। आज के दिन माता के दरबार में भक्तों का भीड़ लगी रहेगी। आज नगर के नागरिक सभी अपने घरों से माता के दरबार में श्रीफल एवं अन्न का दान करगें। मान्यता के अनुसार माता शीतला के दरबार में आज के दिन दर्शन कर ठंडाई का प्रसाद लेकर स्वयं एवं घर में छिड़काव करेंगे जिससे किसी प्रकार की बीमारी का घर में प्रवेश नहीं होता है। इस आयोजन में नगर के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आने के लिए आमंत्रित किया गया है। वही आयोजन की जानकारी किसान समिति के अध्यक्ष योगेश नन्हा ठाकुर एवं किसान समिति द्वारा दिया गया है।

### प्राकृतिक आपदा से 3 मृतकों के परिजनों के लिए 12 लाख की आर्थिक सहायता

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 3 प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील राजिम के ग्राम चौबेबांधा निवासी 67 वर्षीय बंशीलाल यादव का पिछले वर्ष 13 नवम्बर को तालाब में डूबकर मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन जोहत्री बाई को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार तहसील अमलीपदर के ग्राम सराईपानी निवासी 32 वर्षीय जीवन लाल नागेश का 7 दिसम्बर 2024 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन तिरन सिंह नागेश तथा ग्राम धरनीढोर्डा के 6 वर्षीय निवासी नरसिंह पोर्ते का पिछले वर्ष 8 अगस्त को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन तेजराम पोर्ते को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## आरोपियों के कब्जे से 102.750 अवैध गांजा जब्त

# लग्जरी कार से 51 लाख की गांजा तस्करी, मप्र के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर पुलिस द्वारा एक बार फिर गांजा तस्करों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध गांजा, शराब के तस्करी करने वालों पर कडे एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये थे। जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने–अपने थाना क्षेत्रंर्गत संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग करने के लिए फिक्स प्वाइंट लगा कर चेकिंग किया जा रहा है। थाना प्रभारी मैनपुर को मुखबीर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग के डस्टर कार में अवैध रूप से भारी मात्र में गांजा लेकर देवभोग रोड होते हुए मैनपुर की ओर जा रही है।

- एक सफेद रंग की डस्टर कार, दो मोबाइल जब्त

मुखबीर के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना मैनपुर से पुलिस टीम रवाना कर झरियाबहरा तिराहा के पास पुलिस टीम को तैनात कर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान मुखबीर द्वारा बताये



गये सफेद रंग का डस्टर कार आते दिखा। जिससे दूर से हाथ से इसारा कर रोका गया। पुलिस को देख कर कार चालकर वाहन को तेज गति से भागाने लगा। जिसे बैरिकेट लगा कर रोका गया। वाहन में सवार व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर आर्यन मालवीय पिता हरीष मालवीय 20 वर्ष निवासी ईछावर थाना ईछावर जिला सिहोर म.प्र. और अभिषेक महेस्कर पिता जितेन्द्र महेस्कर 23 वर्ष ईछावर थाना ईछावर जिला सिहोर का रहने वाला बताया।

समक्ष गवाहन के सफेद रंग के डस्टर कार का तलाशी लेने पर कार में रखे अवैध रूप से 102.750 किलो कीमती 51 लाख 37 हजार 500 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त सफेद रंग का डस्टर कार क्रमांक सीसी 04– के.डब्लू.–5689 कीमती 3 लाख 50 हजार व दो नग मोबाइल कीमती 11 हजार 500 रूपये। कुल जब्ती – 54 लाख 99 हजार रूपये को जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी आर्यन मालवीय एवं अभिषेक महेस्कर का कृत्य अपराध धारा 20 (ख) नारकोटि एक्ट का पाये जाने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर से समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना मैनपुर पुलिस टीम की विषेष भूमिका रही।

# खेती हुई महंगी, जोताई और खाद बीज के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

खरीफ फसल के लिए क्षेत्र के किसान युद्ध स्तर में अपने अपने खेतों में जुट गए हैं। बोनी और नर्सरी की तैयारी इस सत्र में महंगी पड रही है। ऊंची कीमत पर खाद बीज की खरीदी जैसे तैसे की जा रही है। लेकिन बाद के काम याने खेत तैयार करने में लग रही पूंजी, साफ़ संकेत दे रहीं हैं कि जोताई, रोपाई,मताई पर अच्छी खासी रकम खर्च करनी पड़ रही है। महंगा होता डीजल और बढ़ी हुई मज़दूरी दर। इस खरीफ सत्र में प्रति एकड़ खर्च बीते साल की तुलना में ज्यादा होने जा रहा है। मालूम हो कि डीजल की कीमत 103 रूपए कुछ पैसे हैं। वहीं ट्रेक्टर से नागर जोताई प्रतिघंटा 1100 से 1200 सौ रुपए,रोटोवेटर से मताई का कार्य 1300 से 1400 सौ रुपए प्रतिघंटा लिया जा रहा है। इन सभी ने मिलकर खरीफ की तैयारी पर गहरा असर डाला हुआ है।प्रति एकड़ बोनी और रोपाई की दर बढी हुई है। सिंचाई साधन से संपन्न किसान के खेतों में नर्सरी की शुरुआत हो चली है। बारिश के बाद एक पखवाड़े में रोपाई का काम शुरू होने की संभावना है। सिंचाई साधन वाले क्षेत्रों में नर्सरी में पौधों को देखते हुए रोपाई की दर ओपन होने लगी है। रक्सी के किसान नारायण सिन्हा, भागवत सिन्हा, मकरम





ठाकुर, सेम्हरा से ठाकुर राम चन्द्राकार, भुनेश्वर साहू, यशवंत साहू, ललिता कंवर, नरेन्द्र चन्द्राकार,कुडेरादादर से झवर अग्रवाल,नोहर अग्रवाल,सेवकराम साहू, नारायण सिंह ठाकुर,केजूराम ध्रुव ने बताया कि शुरुआती दौर में प्रति एकड़ रोपाई 5000 से 6000 रुपए बोले जा रहे हैं। बीते सत्र से यह इस बार 500 रूपए ज्यादा है। पखवाड़े भर बाद इसमें वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। आने वाले समय में मजदूरों की और मांग होगी। किसानों ने कहा कि भाजपा सरकार ने 23 - 24 में धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए कर दिया है,यह पिछले साल की तुलना में आठ फीसदी अधिक है, हालांकि किसानों के लिए खेती करना महंगा हो गया है। कृषि उपकरण, रसायन,खाद, बीज और मजदूरी की बढ़ रही दरों का औसत निकालें ▸▸|शेष पेज 10 पर

# सरदार पटेल की जयंती पर पुलिस का एकता पौधारोपण अभियान



**गरियाबंद।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर गरियाबंद पुलिस ने /"एकता वृक्षारोपण अभियान/" के तहत स्कूलों में पौधरोपण कर राष्ट्रीय एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और स्कूली बच्चों ने मिलकर स्कूल परिसर में पौधे लगाए।

- बच्चों को साइबर सुरक्षा व आत्मरक्षा का दिया संदेश

पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थाना गरियाबंद पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग अभियान के तहत जागरूकता शिविर भी लगाया। शिविर में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव, यातायात नियमों का पालन, पाक्सो एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों तथा डायल-112 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा छोटे बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर सरल भाषा में समझाते हुए आत्मरक्षा और व्यक्तिगत ▸▸|शेष पेज 10 पर

## सांख्यिकीय अधिकारी की शिकायत मुख्यमंत्री से

**राजिम।** राजिम के आरटीआई कार्यकर्ता बलवंत राव शिंदे ने मंत्रालय पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को एक ज्ञापन देकर जिले में खेलगढ़िया योजना में कथित अनियमितताओं के मामले में लंबित विभागीय जांच को शीघ्र पूर्ण करने तथा निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। बताया कि इस मामले को उन्होने स्कूल शिक्षा विभाग एवं लोक शिक्षण संचालनालय को भी सौंपा है। आरटीआई कार्यकर्ता श्री शिंदे ने आवेदन में उल्लेख किया है कि संबंधित अधिकारी श्याम चंद्राकर का मूल पद व्याख्याता संस्कृत है, किंतु वे लंबे समय तक विद्यालय में नियमित अध्यापन नहीं किया बल्कि विभिन्न अवधि में संकुल समन्वयक, प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक तथा अन्य प्रशासनिक दायित्वों पर काम करते रहे। वर्तमान में वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, गरियाबंद में जिला सांख्यिकी अधिकारी के रूप में कार्यरत है। आवेदक श्री शिंदे ने दावा किया है कि संबंधित अधिकारी का जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ रहना लंबित विभागीय जांच की निष्पक्षता को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने मांग की है कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने ▸▸|शेष पेज 10 पर

# 60 लीटर महुआ शराब जब्त साथ में दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे नया सवेरा अभियान के तहत देवभोग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 60 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 13,500 रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना देवभोग पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुम्हड़ई कला स्थित तेल नदी पुल के पास तथा बेलाट नाला क्षेत्र में अवैध महुआ शराब का परिवहन और बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी और दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोविंद उरपाल 35 वर्ष, निवासी सरगीबहली तथा अभीराम यादव 32 वर्ष,



निवासी पोड़पारा, थाना देवभोग के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से कुल 60 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में जागरूकता कार्यक्रम

# जलवायु परिवर्तन अब भविष्य नहीं, वर्तमान का सबसे बड़ा संकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जलवायु परिवर्तन अब भविष्य का नहीं, बल्कि वर्तमान का सबसे बड़ा संकट बन चुका है। बढ़ता तापमान, आकाशीय बिजली की घटनाएं, अनियमित बारिश, सूखा और जंगलों में आग जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन गंभीर चुनौतियों को देखते हुए उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व द्वारा कोयबा ईको सेंटर में वन आश्रित समुदायों के लिए जलवायु परिवर्तन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जलवायु विशेषज्ञ नितिन और छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड के सदस्य गौरव निहलानी ने बताया कि यदि समय रहते प्राकृति और जंगलों का संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में खेती, जल स्त्रोत, वन्यजीव और ग्रामीणों की आजीविका पर




गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। विशेषज्ञों ने बताया कि बढ़ता वेट बल्ब तापमान सामान्य गमएॅ से कहीं अधिक खतरनाक है। अधिक तापमान और नमी के कारण शरीर खुद को ठंडा नहीं रख पाता, जिससे हीट स्ट्रोक और जान का खतरा तक बढ़ जाता है। खेतों में काम करने वाले किसान, मजदूर, वनकमएॅ, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा जोखिम में हैं। गौरव निहलानी ने कहा कि जंगल केवल बाघ, हाथी और तेंदुए का घर नहीं हैं, बल्कि हजारों जीव–जंतुओं और वनस्पतियों का सुरक्षित आश्रय हैं। यही जैव विविधता पर्यावरण का संतुलन बनाए रखती है।

जंगल कार्बन अवशोषित करते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं, भूजल का पुनर्भरण करते हैं और प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करते हैं। कार्यक्रम में कोयबा, करलाझर, देवझरअमली, बम्हनीझोला, जुगाड़, आमाड सहित आसपास के गांवों के सरपंच, ग्रामीण, वन विभाग के अधिकारी, वनकर्मी और ईको डेवलपमेंट समिति के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने भी वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा के संबधं मे ग्रामीणो को जानकारी दिया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने एकता पौधारोपण अभियान में स्कूलों में लगाए पौधे

**मैनपुर।** इन दिनों मैनपुर क्षेत्र के स्कूलों में पौधा रोपण कार्य किया जा रहा है। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के दिशा–निर्देश में स्कूली बच्चों को सुरक्षित और जागरूक बनाने के लिए लगातार विशेष सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम चलाए जा रहा है। स्कूली छात्र–छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने, यातायात नियमों का पालन करने, पाक्सो एक्ट के प्रावधानों और डायल 112 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही गुड टच–बैड टच की सीख, छोटे बच्चों को आत्मरक्षा और खुद को सुरक्षित रखने के लिए गुड टच और बैड टच के अंतर को बहुत ही सरल भाषा में समझाया गया। पर्यावरण संरक्षण इस ऐतिहासिक जयंती वर्ष को यादगार बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया।

### जिले के 37 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों की होगी ई-केवाईसी

**गरियाबंद।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी एवं आधार अनुरूप डाटा संशोधन कार्य को गति देने के लिए अधिकृत 135 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के 37 हजार 697 पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने हेतु सीएससी संचालकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्य के लिए प्रति ई-केवाईसी 20 रुपये की राशि निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रमिकों के आधार अनुरूप डाटा संशोधन, ई-केवाईसी सत्यापन तथा ऑनलाइन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। श्रम विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से विशेष अभियान संचालित कर अधिक से अधिक पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी एवं आवश्यक डाटा संशोधन का कार्य 31 जुलाई 2026 तक पूर्ण कराया जाएगा, ताकि पात्र श्रमिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। इस दौरान सहायक मैनेजर (बैंकिंग) रितेश शुक्ला ने प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन डाटा संशोधन प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। उन्होंने श्रमिक कार्ड में नाम, पता, आधार संख्या सहित अन्य आवश्यक जानकारियों में संशोधन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया तथा त्रुटिरहित डाटा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

### देशी प्लेन शराब जब्त एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से देशी प्लेन शराब का अवैध परिवहन करने वाले युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में महासमुंद से भलेसर की ओर अत्यधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर परिवहन कर रहा है। इसके बाद पुलिस टीम जय हिंद कालेज के सामने भलेसर रोड के पास पहुंची और आरोपी नारायण सोनी उर्फ टोका पिता राजू सोनी (22 वर्ष) निवासी वार्ड नं 25 स्वीपर कालोनी महासमुंद के कब्जे से 48 पौवा अवैध देशी प्लेन शेरा शराब कीमत 3840 रुपए को बरामद किया।

# 6 गांवों की महिला समूहों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण, स्वरोजगार की दिशा में बढ़ाया कदम

**नवापारा-भेण्डरी।** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भेंण्डरी में छह गांवों की महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों के लिए मशरूम उत्पादन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरदी, बेलौदी, कुण्डेल, मोतिमपुर, धौराभाठा एवं भोथा ग्राम की महिला समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को मशरूम उत्पादन की आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कम लागत में मशरूम उत्पादन शुरू कर अच्छी आय अर्जित की जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान बीज चयन, कम्पोस्ट तैयार करने की विधि, उत्पादन प्रक्रिया, तापमान एवं नमी का प्रबंधन, फसल की देखभाल, रोग नियंत्रण, कटाई, पैकेजिंग तथा बाजार में बिक्री के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विकासखंड परियोजना प्रबंधक कमल कुजूर ने कहा कि आज के





समय में मशरूम उत्पादन ग्रामीण महिलाओं के लिए आय बढ़ाने का एक बेहतर माध्यम बन चुका है। यदि महिलाएं प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का सही ढंग से उपयोग करें तो वे स्वयं का रोजगार स्थापित कर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकती हैं। उन्होंने महिला समूहों को शासन की विभिन्न स्वरोजगार एवं आजीविका योजनाओं की जानकारी भी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर ताम्रध्वज साहू ने महिला स्व-सहायता समूहों को वित्तीय प्रबंधन, समूह संचालन तथा स्वरोजगार गतिविधियों के सफल संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समूह आधारित उद्यम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करते हैं। मास्टर ट्रेनर चोवा राम साहू ने प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया। उन्होंने महिलाओं को उत्पादन से लेकर विपणन तक की बारीकियों से अवगत कराया तथा गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया और भविष्य में मशरूम उत्पादन शुरू करने की इच्छा व्यक्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी महिलाओं से अपील की गई कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर स्वरोजगार अपनाएं, अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करें तथा समूह के माध्यम से मशरूम उत्पादन को एक सफल व्यवसाय के रूप में विकसित करें।

### बीपी, शुगर और नेत्र परीक्षण के साथ स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश

# पुलिस ने लगाया शिविर, 150 वाहन चालकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को आगे बढ़ाते हुए गरियाबंद पुलिस ने बुधवार को देवभोग रोड स्थित शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप परिसर में विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी विभागों के वाहन चालकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करना था। शिविर का लाभ आम नागरिकों और अन्य वाहन चालकों को भी दिया गया।

■ शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप परिसर में लगा विशेष शिविर

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने रक्तचाप (बीपी), शुगर और नेत्र परीक्षण सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच पूरी तरह निःशुल्क की। साथ ही प्रतिभागियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श दिया गया तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में सरकारी विभागों के वाहन चालक, पुलिसकर्मी, कर्मचारी और आम



नागरिकों सहित 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करना है। इसी सोच के साथ समय-समय पर जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को सीधे लाभ मिल सके और समाज में स्वास्थ्य व जागरूकता का संदेश पहुंचे। यातायात डीएसपी लितेश सिंह ने बताया कि यह विशेष अभियान मुख्य रूप से सरकारी विभागों के वाहन चालकों के लिए शुरू किया गया है। शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप परिसर में पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वस्थ चालक ही सुरक्षित यातायात व्यवस्था की आधारशिला हैं, इसलिए वाहन चालकों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराना आवश्यक है। शिविर के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया गया।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से हमें काफी लाभ मिला। गरियाबंद पुलिस की यह पहल सराहनीय है, ऐसे शिविर नियमित लगने चाहिए-गौरव पटेल

गरियाबंद पुलिस द्वारा लगाया गया यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर बहुत अच्छी पहल है। हमें बीपी, शुगर और आंखों की जांच एक ही जगह पर निःशुल्क करवाई गई। ऐसे शिविर समय-समय पर लगते रहें तो आम लोगों और वाहन चालकों को काफी लाभ मिलेगा। इसके लिए मैं गरियाबंद पुलिस और पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर का धन्यवाद करता हूं।

#### वही शिविर का लाभ लेते हुए दर्शना शर्मा ने कहा

इस स्वास्थ्य शिविर में आकर जांच कराना हमारे लिए बहुत सुविधाजनक रहा। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य की जांच के साथ जरूरी सलाह भी दी। गरियाबंद पुलिस की यह पहल सराहनीय है। ऐसे जनहित के कार्यक्रम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समय पर बीमारी की पहचान में भी मददगार साबित होते हैं।

गरियाबंद पुलिस केवल स्वास्थ्य शिविरों तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले के मालगांव, बारूका सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार जनजागरूकता अभियान चला रही है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को नशामुक्ति, साइबर अपराध से बचाव, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस का उद्देश्य जनभागीदारी बढ़ाकर सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर विपक्ष की राजनीति केवल दिखावा : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण में राजनीति करते हुए भाजपा और मोदी सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए छग स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि जिन लोगों को श्रीराम के नाम और सनातन से नफरत है, आज उन लोगों के मन में अचानक भगवान श्रीराम के प्रति भक्ति भावना जागृत हो गई है और वह भी केवल राजनीति करने के लिए। श्री साहू ने कहा कि आज ये मौकापरस्त कथित श्रीराम भक्त विपक्षी लोग कहने लगे हैं कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण से करोड़ों श्रीराम भक्तों के साथ-साथ उनकी भी आस्था पर कुठाराघात हुआ है और इसके लिए वे प्रधानमंत्री मोदी, आरएसएस, भाजपा व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए विभिन्न फर्जी आरोपों के आधार पर श्रीराम भक्तों व सनातनियों को इन सभी के विरुद्ध भड़काने का दुष्प्रयास कर रहे हैं। जबकि श्रीराम मंदिर का संचालन एक स्वतंत्र स्वायत्त संस्था श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट करता है, जिसमें न तो प्रधानमंत्री मोदी न आरएसएस, न भाजपा और न ही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का कोई दखल है। श्री साहू ने कहा कि जब से श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ, तब से लेकर आज तक इन लोगों के सीने में सांप लोट रहे हैं। लेकिन चढ़ावा चोरी प्रकरण सामने आने के बाद से इन लोगों ने अचानक गिरगिट की तरह रंग बदलते हुए भगवान श्रीराम के प्रति आस्था जताते हुए उनके नाम पर छाती पीटना शुरू कर दिया है क्योंकि अगले वर्ष के प्रारंभ में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव जो होने हैं। ऐसे में रामभक्तों और सनातनियों का वोट पाने के लिए इन लोगों ने /"कालनेमी/" का रूप धारण कर लिया है।



■ कांग्रेस पर साधा निशाना, लगाये कई आरोप

जबकि इन सभी विपक्षी पार्टियों ने न केवल श्रीराम मंदिर निर्माण का विरोध किया था, बल्कि मंदिर उदघाटन व श्री रामलला की प्रतिमा स्थापना से लेकर आज तक इन्होंने श्रीराम मंदिर का भी अघोषित व अप्रत्यक्ष बहिष्कार करते हुए श्रीराम मंदिर नहीं गए हैं। श्री साहू ने विशेष रूप से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि समुदाय विशेष के वोट बैंक की चाह में वर्ष 2007 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बाकायदा शपथ पत्र देकर कहा था कि भगवान श्रीराम काल्पनिक हैं और उनका कोई अस्तित्व नहीं है। उस दिन इन कांग्रेसियों की आस्था चोटिल नहीं हुई थी ? जबकि दूसरी ओर देश के वास्तविक सनातनियों और श्रीराम भक्तों की आस्था पर कुठाराघात हुआ था।

## पुलिस ने चंपारण में नवीन चौकी परिसर में किया पौधारोपण

**नवापारा-राजिम।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस चौकी चम्पारण द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नवीन चौकी परिसर में बड़ एवं पीपल के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। चौकी प्रभारी गिरधर गोपाल द्विवेदी ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की धरोहर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी किया जाए। कार्यक्रम



के दौरान मुंशी रामरतन साहू, पवन मानस, नवीन निर्मलकर सहित जनप्रतिनिधि प्रवीण कल्ला एवं शोभाराम साहू ने पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखरेख का संकल्प लिया गया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया।

## शिविर में 20 युवाओं ने किया रक्तदान

**सुरसाबांधा।** तारा एथलेटिक्स एंड फिजिकल अकादमी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत रवेली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 20 युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस आयोजन में उपसरपंच पुखराज साहू और तारा एथलेटिक्स एंड फिजिकल अकादमी के कोच ताराचंद निषाद का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने रक्तदान को महादान



बताते हुए युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर तारा एथलेटिक्स एंड फिजिकल अकादमी के कोच ताराचंद निषाद, पुखराज साहू उपसरपंच, ग्राम पंचायत रवेली, धर्मेंद्र निषाद, केदार ध्रुव, हुलास ध्रुव, लिलेंद्र निषाद, लक्षण साहू, देवेंद्र यादव, चित्रसेन यादव, जागेश्वर साहू, हेमलता निषाद, गिरजा कश्यप एवं रुखमणी निषाद सहित अनेक लोगों ने रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

## 200 विद्यार्थियों को बांटे फल एवं छायादार पौध

**अभनपुर।** नगर पालिका परिषद अभनपुर क्षेत्र में वर्षा ऋतु के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पार्षद रूपनारायण साहू एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा लौटन गिलहरे ने प्राथमिक शाला उपर पारा अभनपुर में स्कूली छात्र-छात्राओं को लगभग 200 फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया। बच्चों को आम, मुनगा, जामुन, कटहल, रायजामुन सहित विभिन्न फूलों के पौधे प्रदान किए गए। अतिथियों ने बच्चों से अपने-अपने



घरों में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की। साथ ही विद्यालय परिसर, मंदिर प्रांगण एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी पौधरोपण करने का आग्रह किया।

## पेज 9 के शेष

### खेती हुई महंगी, जोताई...

तो खेती लगभग 15 फ़ीसद महंगी हो गई है बता दें कि समर्थन मूल्य में धान की खरीदी से किसानों के चेहरे पर खुशी नजर तो आ रही है, लेकिन बढ़ते खाद बीज के दाम से किसान चिंता में हैं।

### सरदार पटेल की जयंती...

सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या परेशानी की स्थिति में बिना डर के अपने अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस से संपर्क करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में पुलिस, शिक्षक और विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रीय एकता का संकल्प लिया। गरियाबंद पुलिस ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता और जनसहभागिता आधारित कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

### सांख्यिकीय अधिकारी ...

के लिए जांच पूर्ण होने तक संबंधित अधिकारी को नियमानुसार अन्यत्र पदस्थ किया जाए, ताकि किसी प्रकार का प्रभाव या हितों का टकराव उत्पन्न न हो। इस अधिकारी के खेलगढ़िया योजना से संबंधित कथित अनियमितताओं की शिकायत पर पूर्व में जिला स्तरीय जांच हुई थी तथा आवश्यक विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। परंतु अभी तक क्या हुआ किसी को नही मालूम? आवेदक का कहना है कि यदि किसी संवेदनशील मामले की जांच लंबे समय तक लंबित रहती है, तो इससे सुशासन और प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर जनमानस में प्रश्न उठते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि प्रकरण की समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कराकर, जांच में जो भी तथ्य स्थापित हों, उनके आधार पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए। श्री शिंदे ने बताया कि उन्हें सूचना के अधिकार के तहत जो जानकारी मिली है, उसे वे आवेदन के साथ संबंधित सभी दस्तावेज संलग्न किए हैं।

### किसानों को लाइन में इंतजार करने की झंझट खत्म

# अब मोबाइल से निकलेगा टोकन, क्यूआर दिखाओ और खाद ले जाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अब किसानों को खाद के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी ऑनलाइन मोबाइल से निकलेगी टोकन, क्यूआर दिखाओ को और ले जाओ। दरअसल भारत सरकार उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय संचालनालय उर्वरक, नई दिल्ली द्वारा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल (एफ.एस.एस.) हेतु राज्य के गरियाबंद जिला को पालयट जिला के रूप में चयनित किया गया है। जिसके दृष्टिगत गरियाबंद जिले में 7 जुलाई को फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल का प्रारंभ किया गया है। शासन द्वारा समय पर कृषकों को उर्वरक उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। जिले के किसान मोबाइल एप्प के माध्यम से निकटतम उर्वरक विक्रय केन्द्रो से आवश्यकता अनुसार खाद की बुकिंग कर सकते हैं तथा आगामी दो दिवस में संबंधित उर्वरक विक्रय केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं,



जिससे किसानों को समय की बचत होगी एवं उर्वरकों की कालाबाजारी रोकनें में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस प्रक्रिया को दो भाग मे विभाजीत किया गया है। प्रथम भाग में किसान को गुगल प्ले स्टोर के माध्यम से फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एप्लीकेशन डाउनलोड करना होगा तदोपरांत एप्प में सुझाए गए प्रक्रिया अनुसार भूमि व फसल का विवरण इंद्राज करते हुए निकटतम उर्वरक विक्रय केन्द्र का चयन कर टोकन (क्यू. आर) प्राप्त कर सकतें है जो तीन दिनों के लिए मान्य रहेगा यदि कृषक निर्धारित अवधि में उर्वरक क्रय नहीं करता है तो टोकन (क्यू. आर) स्वतः ही निरस्त हो जायेगा। दूसरे भाग में संबंधित उर्वरक विक्रेता के विक्रय केन्द्र में पीओएस मशीन के माध्यम से टोकन (क्यू. आर) स्कैन कराकर बायोमेट्रिक सत्यापन कराते हुए निर्धारित दर पर उर्वरक प्राप्त कर सकते है। जिले में इस एप्लीकेशन के संचालन में किसी भी प्रकार की समस्या आने की स्थिति में नोडल अधिकारी अनिल कुमार कौशिक, सहायक संचालक कृषि एवं जसपाल साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से सीधे सम्पर्क कर सकते हैं। यह नई डिजीटल प्रणाली किसानों को सही समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने अनावश्यक भीड़ कम करने तथा उर्वरक वितरण को अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम लमकेनी से तोषगांव जा रहा एक व्यक्ति बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि छबिलाल यादव 7 जुलाई को अपनी बाइक सीजी 06 जीयू 1532 से ग्राम लमकेनी से तोषगांव जा रहा था, दोपहर करीब 01.30 बजे तोषगांव की ओर से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 3463 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए छबिलाल के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया जिससे उसके दाहिने पैर, दाहिने हाथ, चेहरे में चोट आई। घटना की रिपोर्ट बसना थाने में घायल छबिलाल की पत्नी सरिता यादव ने दर्ज कराई है, जिस पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### तुमगांव के च्वाइस सेंटर में चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव के एक च्वाइस सेंटर में 45 हजार रुपए की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रिखीराम धीवर पिता हेमलाल धीवर का तुमगांव में च्वाइस सेंटर है, 07 जुलाई को सुबह 8.30 बजे जब वह दुकान पहुंचा उसने देखा दोनों शटर का लॉक टूटा हुआ था, और दुकान के गल्ले से लगभग 45,000 रुपए गायब थे, साथ ही सामान बिखरा पडा था।

## खबर संक्षेप

### वासुदेव का नवोदय में चयन

**राजिम।** आदिवासी बहुल गांव टुईयामुड़ा के कक्षा आठवीं का छात्र वासुदेव वर्मा का जवाहर नवोदय विद्यालय पांडुका में चयन हुआ है। जिसका प्रवेश कक्षा नवमी में प्रवेश होना है। इस मेघावी छात्र ने कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंकों से पास कर स्कूल एवं विकासखंड को गौरवान्वित किया है। इनके चयन पर उपसरपंच पूर्णिमा कमार, शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष नमेश्वरी दीवान, शाला शिक्षक डगेश्वर क्षत्रिय, दीपक देवांगन, निलेश शर्मा एवं ग्रामवासियों ने बधाई दी है।



### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को प्रोत्साहित करने एवं सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस संबंध में जिले के कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। कृषक कृषि उपसंचालक कार्यालय से आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है और पूर्ण रूप से भरे हुए प्रारूप में 31 जुलाई तक फार्म कार्यालय में जमा कर सकते है। 31 जुलाई के निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इच्छुक कृषक जो खेती में नवाचार, जैविक कृषि, उत्पादन में वृद्धि, कृषि यांत्रिकीकरण या जल संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। वे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते है। जिले के समस्त पात्र कृषकों से अपील किया गया है कि वे निर्धारित तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक अर्हताएँ एवं अन्य जानकारी कृषि कार्यालयों या जिला कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ राज्य के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कृषक नेता डॉ. खूबचंद बघेल के नाम पर दिया जाता है, जिनके योगदान को याद करते हुए यह सम्मान उन कृषकों को दिया जाता है, जिन्होंने कृषि के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बनी है।

### खेती किसानी कार्य ने पकड़ा जोर



**मैनपुर।** मानसूनी रिमझिम बारिश के बीच खेती किसानी कार्य जोर पकड़ लिया है। मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल पयलीखण्ड इलाके में मक्का बोनी के लिए हल से टिकरा भूमि की जोताई करते किसान की तस्वीर हमारे संवाददाता शेख हसन खान ने अपने कैमरे मे कैद किया है।

# पुलिया के अभाव में 20 से 25 परिवारों का जीवन संकट में

**रसेला के टेप्पापारा की वर्षों पुरानी समस्या का अब तक नहीं हुआ समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला की पारा टेप्पापारा की वर्षा पुरानी समस्या को एक बार भी उजागर कर दिया है। रसेला और टेप्पापारा के बीच बहने वाले सुख नदी पर आज तक पुलिया का निर्माण नहीं हो सका। नतीजा पहली ही तेज बारिश में नदी उफान पर आ गया और उसके उस पार बसे करीब 20 -25 परिवारों का गांव से संपर्क प्रभावित हो गया।

नदी के उस पार सदाराम निषाद,नरेश सोरी, संतराम ठाकुर,भूघन निषाद, ज्ञान सिह नागेश, खूबलाल यादव,मानसिग,सतोष ठाकुर, माधोराम,घुरऊ मरकाम,सालिक राम ठाकुर, व्यास नारायण निषाद,इतवारू राम निषाद सहित अनेक परिवार रहते हैं। बरसात आते ही इन परिवारों की दिनचर्या बदल जाती है। खेत जाना हो, बाजार जाना, छात्र छात्राओं को स्कूल,राशन या किसी कार्यक्रम में शामिल होना,हर काम नदी की मर्जी पर निर्भर हो जाता है। सबसे ज्यादा मार उन स्कूली बच्चों पर पड़ती है, जिनकी पढ़ाई हर मानसून में प्रभावित होती है। तेज बहाव के कारण कई बार बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच पाते। यदि किसी की तबीयत अचानक बिगड़ जाए, गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना पड़े या किसी बुजुर्ग को तत्काल उपचार की जरूरत हो, तो पूरा वार्ड चिंता में डूब जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी स्थिति में हर पल भारी पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार इस नदी में पुलिया निर्माण के लिए कई बार संबंधित विभागों और प्रशासन को आवेदन दिए जा चुके हैं। लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। अब ग्रामीण पूछ रहे हैं कि आखिर एक छोटी सी पुलिया बनने में कितना बरसाते और गुजरेगी।



**बन जाता है वीआईपी आइलैंड**

ग्रामीणों का व्यंग्य भी व्यवस्था पर गहरा सवाल खड़ा करता है। उनका कहना है कि /" बरसात शुरू होते ही टेप्पापारा का यह वार्ड मानो ' वीआईपी आइलैंड बन जाता है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां पहुंचने के लिए हेलीकॉप्टर नहीं, बल्कि नदी पार कर अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। अगर आश्वासनों से पुलिया बनती, तो यहां अब तक कई पुल तैयार हो चुके होते। वार्ड पंच नरेश सोरी ने कहा कि यह किसी एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे वार्ड की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा और ग्रामीणों के मूलभूत सुविधाएं का सवाल है। इसी बीच ग्राम पंचायत सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव पंच नरेश सोरी ने भी शासन प्रशासन से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिया निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की है।

## 21 साल से एक स्कूल भवन और दूसरा दो साल से अधूरा

# स्कूल भवन का निर्माण अधूरा छोड़ भागा ठेकेदार शिकायत के बाद जांच करने तक नहीं पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पयलीखण्ड में 21 वर्ष पहले शासकीय मिडिल स्कूल भवन निर्माण के लिए 5 लाख 64 हजार सर्व शिक्षा अभियान राजीव गांधी शिक्षा मिशन द्वारा स्वीकृत किया गया और बकायदा निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया, लेकिन 21 साल बाद भी यह स्कूल भवन अधुरा पड़ा हुआ है।

- **जर्जर प्राथमिक शाला पयलीखण्ड के एक कमरे में पांच कक्षा और दूसरे कमरे में मिडिल स्कूल के तीन कक्षाएं संचालित**

कई बार अधुरे स्कूल भवन को पूर्ण कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जनपद स्तर के अधिकारियों के अलावा जिला स्तर के अधिकारियों तक को आवेदन देकर थक चुके, लेकिन अब तक अधुरा स्कूल भवन पूरा नहीं हुआ और इस स्कूल भवन की सरकारी राशि हजम हो चुकी है और तो और इसके फाइल भी संबंधित विभाग के कार्यालय से गायब होने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों द्वारा बार–बार मिडिल स्कूल भवन नहीं होने की शिकायत करने पर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत दो वर्ष पहले फिर लगभग 8 लाख की लागत से नया स्कूल भवन निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा नींव खुदाई के बाद डीपीसी भी किया गया, लेकिन उसके बाद यह स्कूल भवन निर्माण कार्य भी अधुरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने कई बार जनपद पंचायत कार्यालय और शिक्षा कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन दोनों अधुरे स्कूल भवन अब तक पूर्ण नहीं हुआ। शासन प्रशासन ने इस गांव में मिडिल स्कूल भवन निर्माण के लिए दो बार लाख की राशि जारी की, लेकिन संबंधित निर्माण एजेंसी और स्थानीय जिम्मेदार अफसरों के उदासीन रवैये के चलते इस आदिवासी गांव के बच्चों को स्कूल भवन का लाभ नहीं मिल पाया। इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाना चाहिए।



**जर्जर हो चुके प्राथमिक शाला में मिडिल स्कूल का भी हो रहा संचालन :** ग्राम पंचायत जांगड़ा के आश्रित ग्राम पयलीखण्ड में अब तक मिडिल स्कूल भवन का निर्माण नहीं किया गया यहां जो प्राथमिक शाला है, वहां एक कमरे मे पहली से पांचवी तक और दूसरे कमरे तथा बरामदा में मिडिल स्कूल की तीन कक्षाएं संचालित की जा रही है। यह प्राथमिक शाला भवन भी बेहद जर्जर हो गया है और उपर छत की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। टूट –टूटकर गिर रहा है। कभी भी गंभीर दुर्घटना का डर बना हुआ है। स्कूल परिसर मे शौचालय निर्माण कार्य वर्शो से अधुरा है आपको जानकार बड़ा आश्चर्य होगा कि दो शौचालय का निर्माण अधुरा छोड़ दिया गया है और दोनो के टंकी भी नही बनाया गया है तथा पूरी राशि आहरण कर लिया गया है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्रे मे निर्माण कार्यो को देखने वाला कोई नही है जिसका जीता जागता उदाहरण यहां के शौचालय को देखने पर मिलता है।

**बारिश के चार माह जान जोखिम में डालकर ग्रामीण और शिक्षक नदी पार करने मजबुर होते हैं**



बुधराम नागेश, जादुराम नेताम, श्रीराम नागेश, खीरधर नेताम, जागेश्वर नागेश, भागीरथी नागेश, मोहन नेताम, देवसिंह नेताम, गोपाल नेताम, हीरालाल नागेश, कांशीराम नागेश, नयन नेताम, बिहारी सोरी, रूखमणी नागेश ग्रामीणों ने बताया कई बार मूलभूत सुविधाओं की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

# सेंट जॉन्स इंग्लिश स्कूल में वन महोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह महोत्सव एक सप्ताह तक चलने वाला विशेष अभियान है, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम में विद्यालय के संस्था के निर्देशक जॉर्ज जेकब, प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब,प्रबंधक आशीष जेकब विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

वन महोत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पर्यावरण संरक्षण विषयक जागरूकता कार्यक्रम तथा अन्य अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जेकब ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान दे।

सप्ताहभर चलने वाले इस वन महोत्सव ने विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता एवं प्रकृति प्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर ने समस्त अतिथियों,शिक्षक शिक्षिकाओं एवं समस्त छात्रा छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन कराए।

# सेजेस के मेधावी छात्र व शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षक सम्मानित

**छुरा।** सेजेस इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर एवं पाठ्यपुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

प्रवेश उत्सव के अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण रहा। विद्यार्थियों एवं पालकों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय द्वारा सभी विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर भोजन ग्रहण किया।

इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं एवं वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में महक सचदेव कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान, योगिता ध्रुव कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान, दीक्षा सिंह निराला



कक्षा 8वीं में प्रथम स्थान तथा हरीश कुमार पटेल कक्षा 5वीं में प्रथम स्थान शामिल रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा 2026 में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षकों को भी मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में बिनेश कुमार डनसेना व्याख्याता, संस्कृत, चुम्मनलाल कंडरा व्याख्याता, हिन्दी, श्वेता सेतु एक्का व्याख्याता, अंग्रेजी, रिया कुटारे व्याख्याता, गणित, मोनिका वैष्णव व्याख्याता, अंग्रेजी, भोजराज साहू व्याख्याता, वाणिज्य तथा प्रीतम कुमार साहू व्याख्याता, जीवविज्ञान शामिल थे। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों के समर्पण, परिश्रम एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद एवं सभापति संगीता दीक्षित नगर पंचायत छुरा तामेश्वर निषाद सक्रिय सदस्य एस एम डी सी मोतीलाल साहू सेवानिवृत प्रधान पाठक अजय दीक्षित समाजसेवी शीतल ध्रुव उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं प्रवेश उत्सव जैसे प्रेरणादायी आयोजन की सराहना करते हुए प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावी संचालन दिवस यादव ने किया। अंत में प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने सभी अतिथियों, पालकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा नए शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों का संकल्प दिलाते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

# छात्राओं को जागरूक करने विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**राजिम।** शा रामबिशाल पाण्डेय उत्कृष्ट अंग्रेजी मीडियम विद्यालय में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत छात्राओं को जागरूक करने एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, उसके दुष्प्रभाव, बचाव के उपाय तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एक सामान्य वायरस है, जो महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण बनते हैं। भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन समय पर एचपीवी का टीका लगवाकर इससे काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। शासन द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं को यह टीका पूर्णतः निःशुल्क लगाया जा रहा है। यह टीका सुरक्षित, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एवं प्रभावी है। जो भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को काफी कम कर देता है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रांति पर विश्वास न करें, बल्कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह का पालन करते हुए समय पर टीकाकरण कराएं।

इस अवसर पर प्राचार्य बी.एल. ध्रुव ने कहा कि यह



टीका भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। इसलिए प्रत्येक पात्र बालिका को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। व्याख्याता सागर शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें, अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करें। संचालन समीक्षा गायकवाड़ ने किया और छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे आज प्राप्त स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी को केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि अपने घर की महिलाओं, बहनों, रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों तक भी पहुंचाएं।

# वर्षा ऋतु में स्वस्थ और निरोग रहने योग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गायत्री मंदिर में लगने वाले नियमित योग कक्षा में वर्षा ऋतु के दौरान स्वस्थ एवं निरोग रहने के उपायों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने योग साधकों को वर्षा ऋतु में बदलते मौसम के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए संतुलित दिनचर्या, सात्विक आहार तथा नियमित योगाभ्यास अपनाने की प्रेरणा दी।

- **योगाचार्य मिथलेश ने योग साधकों को बदलते मौसम के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के बताये नुस्के**

योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने कहा कि वर्षा ऋतु में वायु का विशेष प्रकोप तथा पित्त का संचय होता है। वर्षा ऋतु में वातावरण के प्रभाव के कारण स्वाभाविक ही जठराग्नि मंद रहती है, जिसके कारण पाचनशक्ति कम हो जाने से अजीर्ण, बुखार, वायुदोष का प्रकोप, सर्दी, खाँसी, पेट के रोग, कब्जियत, अतिसार, प्रवाहिका, आमवात, संधिवात आदि रोग होने की संभावना रहती है।

इन रोगों से बचने के लिए तथा पेट की पाचक अग्नि को सँभालने के लिए आयुर्वेद के अनुसार उपवास तथा लघु भोजन हितकर हैं। इसलिए



हमारे ऋषि-मुनियों ने इस ऋतु में अधिक-से-अधिक उपवास का संकेत कर धर्म के द्वारा शरीर के स्वास्थ्य का ध्यान रखा है।

इस ऋतु में वात की वृद्धि होने के कारण उसे शांत करने के लिए मधुर, अम्ल व लवण रसयुक्त, हलके व शीघ्र पचने वाले तथा वात का शमन करनेवाले पदार्थों एवं व्यंजनों से युक्त आहार लेना चाहिए। सब्जियों में मेथी, सहिजन, परवल, लौकी, बथुआ, पालक एवं सूरन हितकर हैं। सेवफल, गरम दूध, लहसुन, अदरक, सोंठ, अजवायन, साठी के चावल, पुराना अनाज, गेहूँ, चावल, जौ, खट्टे एवं खारे पदार्थ, दलिया, शहद, प्याज, गाय का घी, तिल एवं सरसों का तेल, अनार, द्राक्ष-का सेवन लाभदायी है। पूरी, पकोड़े तथा अन्य तले हुए एवं गरम तासीरवाले खाद्य पदार्थों का सेवन अत्यंत कम कर दें। दालें, नदी, तालाब एवं कुएँ का बिना उबाला हुआ पानी, मैदे की चीजें, ठंडे पेय, आइसक्रीम, मिठाई, केला, मठ्ठा, अंकुरित अनाज, पत्तियोंवाली सब्जियाँ नहीं खाना चाहिए तथा देवशयनी एकादशी के बाद आम नहीं खाना चाहिए।

अति व्यायाम, दिन में सोना, रात्रि जागरण, बारिश में भीगना, नदी में तैरना, धूप में बैठना, खुले बदन घूमना त्याज्य है। इस ऋतु में वातावरण में नमी रहने के कारण शरीर की त्वचा ठीक से नहीं सूखती। अतः त्वचा स्वच्छ, सूखी व स्निग्ध बनी रहे इसका उपाय करें ताकि त्वचा के रोग पैदा न हों। इस ऋतु में घरों के आस-पास गंदा पानी इकट्ठा न होने दें, जिससे मच्छरों से बचाव हो सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेंज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### जरगांव-मडेली मार्ग पर सड़क व पुलिया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने उच्चस्तरीय जांच की उठाई मांग

# निर्माणाधीन पीएमजीएसवाई सड़क की पहली बारिश में खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा विकासखंड के ग्राम जरगांव से मडेली को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत निर्माणाधीन सड़क और पुलिया की गुणवत्ता पहली ही तेज बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। मानसून की शुरुआती बारिश के बाद सड़क के कई हिस्सों में कटाव हो गया, जबकि पुलिया के दोनों ओर किया गया मिट्टी का भराव बह जाने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण कार्य अभी पूर्ण भी नहीं हुआ था कि पहली ही बारिश ने निर्माण की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। कई स्थानों पर सड़क की साइड धंस गई है तथा पुलिया के आसपास मिट्टी बह जाने से आवागमन प्रभावित हो गया है। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक आवागमन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लगातार बारिश होती रही तो सड़क को और अधिक नुकसान पहुंच सकता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप किया गया होता तो पहली ही बारिश में सड़क इस प्रकार क्षतिग्रस्त नहीं होती। उनका कहना है कि निर्माण के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण सड़क एवं पुलिया के आसपास का भराव बारिश का दबाव नहीं झेल सका।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि क्षतिग्रस्त सड़क



और पुलिया की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि आवागमन सुचारु हो सके। साथ ही पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्माण एजेंसी द्वारा गुणवत्ता से कोई समझौता तो नहीं किया गया। यदि जांच में अनियमितता सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार, निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को सुरक्षित एवं सर्वकालिक सड़क सुविधा उपलब्ध कराना है। लेकिन करोड़ों रुपये की लागत से बन रही सड़क का पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त होना गंभीर चिंता का विषय है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक सुधार नहीं किया गया तो आगामी बारिश में सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है, जिससे जरगांव, मडेली सहित आसपास के गांवों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी मिलने के बाद संबंधित स्थल का निरीक्षण कराया जाएगा। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक मरम्मत की जाएगी तथा यदि निर्माण कार्य में तकनीकी कमी या गुणवत्ता संबंधी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अब पूरे मामले में ग्रामीणों की निगाहें विभागीय जांच पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि निष्पक्ष जांच के साथ गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि सार्वजनिक धन का सही उपयोग हो और ग्रामीणों को टिकाऊ एवं सुरक्षित सड़क सुविधा मिल सके।



## मुड़ागांव में आहता, पेवर ब्लॉक और शीतला तालाब निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**पाटसिवनी (पिपरहट्टा)।** ग्राम पंचायत मुड़ागांव में स्कूल परिसर में आहता निर्माण, पेवर ब्लॉक निर्माण तथा शीतला तालाब विकास कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। स्कूल परिसर में आहता निर्माण कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि सभापति लेखराज धुवा द्वारा राशि स्वीकृत की गई है, वहीं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य के लिए जनपद सदस्य श्रीमती भेषमती रूपसिंह साहू द्वारा राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद सदस्य भेषमती रूपसिंह साहू, सरपंच गोदावरी शारदा दीवान, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नरोत्तम विश्वकर्मा तथा ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों के समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से विद्यालय एवं ग्रामवासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## इंदिरा मार्केट मार्ग बदहाल, सड़क बनी मुसीबत

**नवापारा-राजिम।** शहर के इंदिरा मार्केट जाने वाले मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली यह प्रमुख सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। शहरवासियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों के लिए यह मार्ग मुख्य आवागमन का रास्ता है। अधिकांश लोग इसी मार्ग से शहर में प्रवेश करते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। लगातार हो रही बारिश ने सड़क की स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और दुर्घटना का शिकार होने की आशंका लगातार बनी हुई है। खासकर रात के समय यह मार्ग और अधिक खतरनाक हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं और खराब सड़क के कारण जाम, कीचड़ तथा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।



शहरवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि बारिश के दौरान कम से कम गड्ढों की तत्काल मरम्मत कर सड़क को आवागमन योग्य बनाया जाए। ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो यह जर्जर सड़क कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बता दें कि राजिम महानदी पुल की ओर से आने वाले अधिकांश लोग तथा पारागांव से सीधा नेशनल हाइवे को क्रास कर इस मार्ग में प्रवेश करते है। इससे हर पल जाम की भी नौबत रहती है और लोग आपाधापी में अपने वाहन तेजी से दौड़ाते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

आवश्यकता है
परमेश्वरी हायर सेकेंडरी स्कूल
तर्री (नवापारा-राजिम) जिला रायपुर (छ.ग.) 493885

| क्र. | पद का नाम | अनिवार्य योग्यता | वांछनीय योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | व्याख्याता कला | बी.ए. / एम.ए. | बी.एड. | 2 |
| 2. | सहायक शिक्षक / शिक्षिका | 12वीं गणित / विज्ञान | डी.एड. | 3 |
| 3. | आया दीदी | 5वीं / 8वीं | - | 2 |

नोट : वेतन योग्यतानुसार तथा प्रशिक्षण एवं अनुभव के आधार पर देय होगा।
इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंकसूचियों की छायाप्रति, एक पासपोर्ट फोटो के साथ शाला कार्यालय में कार्य दिवस पर स्वयं संपर्क करें।
विशेष : रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता हैं।
प्राचार्य
बी.आर. यादव
9340271808
कार्यालय प्रमुख
एस.ताम्रकार
9039365837




कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ

IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers



Buha Deep 99.93%
Mayank Gupta 99.93%
Amit Singh 99.91%
S. Rajkumar 96.00%

NEET Star Performers



Chitendra Sahu 611/720 GMC
Subhasni Sahu 548/720 GMC DURG
Deepika Chandra 647/720 GMC RAIPUR
Vivek Kumar Verma 568/720 GMC RAJNANDGAON
Remmy Roy 609/720 GMC DURG

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।

जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

TM Registration No. 3091296
ISO CERTIFIED 9001 : 2008 CERTIFIED INSTITUTE
KOTA STUDY CIRCLE®
Where we shape the career



नीट तथा JEE के पृथक-पृथक बैच, हिन्दी तथा अंग्रेजी के पृथक-पृथक बैच
कोटा स्टडी मटेरियल ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज गर्ल्स तथा ब्वायस के पृथक-पृथक बैच
X & XII Result



Bhupendra Sahu 94.6%, 10th
Preney Sahu 94%, 10th
Harkita Sinha 94%, 10th
Avinash Naanaday 90.8%, 10th
Ritika Soni 90.4%, 12th
Priyansh Aanand 94.4%, 12th


कोटा रायपुर ब्रांच : R.K.C. कालेज के सामने, जी.ई.रोड रायपुर
कोटा भिलाई ब्रांच : बि. नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
Contact : 90985 34927, 79877 91795

अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए
फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)



AVAILABLE COURSES
- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety

गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क में छूट
एडमिशन हेल्पलाइन : 76972-12782
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023
fsdmi cg fsdmi bhilai fsdmi_bhilai
12 वर्षों से आपकी सेवा में

रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा



एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्वल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अतः प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है। संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अतः शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह निःशुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है। संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फूलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोट: महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279
8770222654 74156 74157
पर संपर्क किया जा सकता है।

समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए

मोबाईल सर्विसिंग कोर्स
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्युटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लू-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

कम्प्यूटर हार्डवेयर
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

इलेक्ट्रिकल कोर्स
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलु उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॉटर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफार्मर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

इलेक्ट्रानिक्स कोर्स
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चूल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडी प्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

फ्रीज व एसी कोर्स
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश
इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157